BRAMPTON **Service and Information Update**

23 नवंबर, 2023

**ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने नए एनिमल सर्विसिज बाइ-लॉ को मंजूरी दी**

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने नए व्यापक एनिमल सर्विसिज बाइ-लॉ (Animal Services By-Law) को मंजूरी दी है, जिसमें कई बदलाव पेश किए जाएंगे।

नए एनिमल सर्विसिज बाइ-लॉ को लागू करने से, निवासियों और जानवरों सहित, कम्युनिटी की रक्षा करने की सिटी की क्षमता बढ़ेगी। इसके लिए घरेलू पालतू जानवरों और जंगली जानवरों की देखभाल करने और उनके साथ इंटरेक्ट करने में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों का इस्तेमाल किया जाएगा।

एनिमल सर्विसिज बाइ-लॉ, उन मौजूदा मुद्दों पर ध्यान देगा, जिनका सिटी, पब्लिक सुरक्षा और जानवरों की भलाई के संबंध में सामना कर रही है।

तुरंत प्रभावी होने वाले, इस एनिमल सर्विसिज बाइ-लॉ के अंतर्गत, नीचे दिए बदलाव प्रभावी होंगे:

**जानवरों की संख्या**

- हर घर के लिए अधिकतम छह जानवरों की अनुमति है, तीन से अधिक कुत्ते नहीं रखे जा सकते।

**बैकयार्ड मुर्गियां और कबूतर**

- यदि आपके पास दो से अधिक बैकयार्ड मुर्गियां या कबूतर हैं, तो आपके पास लाइसेंस होना आवश्यक है।
- यदि आपके पास दो या कम हैं, तो आपके लिए कूप रजिस्टर करना आवश्यक है।

**जंगली जानवरों को भोजन खिलाना**

- ब्रैम्पटन में जंगली जानवरों को भोजन खिलाने पर पाबंदी है। जंगली जानवरों को भोजन खिलाने से वे आसानी से लोगों के पास जाने के लिए आकर्षित होते हैं।

**जब कुत्ते मालिक की प्रॉपर्टी पर हों तो उनका नियंत्रण**

- जो जानवर प्रॉपर्टी पर हों और उन्हें जंजीर से न बांधा गया हो, तो आवश्यक है कि उन्हें बंद और चारदीवारी वाले क्षेत्र में या रस्सी डालकर रखा जाए।
-

**बुनियादी स्टैंडर्ड्स वाली देखभाल**

- आपके लिए अपने पालतू जानवरों को बुनियादी स्टैंडर्ड्स वाली देखभाल प्रदान करनी आवश्यक है, जिसमें शामिल है:
  - भोजन और पानी

- शेल्टर
- चिकित्सीय देखभाल
- कुदरती तौर पर घूमने या एक्सरसाइज के लिए जगह
- स्वच्छ माहौल
- शारीरिक सुरक्षा और आम भलाई

पूरी सूची, www.brampton.ca/animalservices पर देखें।

**ट्रैप, न्यूटर, रिलीज एंड मैनेज प्रोग्राम (टी.एन.आर.एम.) (Trap, Neuter, Release and Manage Program) (TNRM)**

- टी.एन.आर.एम. (TNRM) प्रोग्रामों में हिस्सा लेने वाले वालंटियरों को, जो कम्युनिटी में बिल्लियों की आबादी को घटाते हैं, सम्मानित किया जाएगा और जंगली बिल्ली संबंधी कालोनियों को कम करने या खत्म करने के उनके लक्ष्य में सहायता की जाएगी।

नए बाइ-लॉ और ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज के बारे में अधिक विवरणों के लिए, कृपया www.brampton.ca/animalservices पर जाएं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca